तापमान

अधिकतम 36 डिग्री

न्यूनतम 22 डिग्री

# हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार 1 जून 2026

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]



4 विकास के संकल्प के साथ डिप्टी सीएम साव बोले - कायाकल्प करेंगे




## खबर संक्षेप

### पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं : राठौर

**बैकुण्ठपुर।** जिले में पेट्रोल एवं डीजल की उपलब्धता पर्याप्त है तथा आम नागरिकों को ईंधन की आपूर्ति सुचारु रूप से की जा रही है। पेट्रोल-डीजल की कमी संबंधी अफवाहों के चलते कुछ लोगों द्वारा वाहनों में ईंधन भराने के अलावा अतिरिक्त मात्रा में डिब्बों एवं बोतलों में पेट्रोल-डीजल संग्रह किए जाने की जानकारी प्राप्त हुई है। जिला खाद्य अधिकारी नटवर सिंह राठौर ने जानकारी देते हुए बताया है कि शासन द्वारा आवश्यकता से अधिक पेट्रोल-डीजल के अनधिकृत भंडारण पर रोक लगाने के उद्देश्य से डिब्बों एवं बोतलों में पेट्रोल-डीजल के विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है और नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। जिला खाद्य अधिकारी श्री राठौर ने बताया कि कृषि कार्यों के लिए पेट्रोल अथवा डीजल की आवश्यकता होने पर किसान अपने क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) (एसडीएम) को आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन की जांच के बाद वास्तविक आवश्यकता पाए जाने पर एसडीएम की अनुमति से किसानों को डिब्बों में पेट्रोल-डीजल उपलब्ध कराया जाएगा। खाद्य अधिकारी ने आमजन से अपील की है कि वे केवल अपनी आवश्यकतानुसार ही पेट्रोल-डीजल क्रय करें तथा किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना या अफवाह पर विश्वास न करें।

### पेट्रोल पंप के पास हाइवा और कार की टक्कर

**बैकुण्ठपुर।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सलका पेट्रोल पंप के समीप हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए बिलासपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पाराडोल निवासी राजेश सिंह को 28 मई की दोपहर करीब 1 बजे उनके जीजा रामायण सिंह के मोबाइल फोन से सूचना मिली कि उनके एक रिश्तेदार का सलका पेट्रोल पंप के पास सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया है। सूचना मिलते ही परिजन और परिचित मौके पर पहुंचे। शिकायत के अनुसार घटनास्थल पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक हाईवा वाहन कथित रूप से गलत दिशा में जाकर कार से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार सवार व्यक्ति को गंभीर चोटें आईं। घायल को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए अपोलो अस्पताल बिलासपुर रेफर किया गया। वर्तमान में उसकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 125 (ए) और 281 तथा मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दुर्घटना के कारणों और वाहन चालक की भूमिका की जांच की जा रही है।

### सुरेश को मिला विद्या वाचस्पति का सम्मान

**अम्बिकापुर।** हिन्दी व सरगुजिहा के सुप्रसिद्ध कवि सुरेश प्रसाद जायसवाल निश्छल को काशी विद्यापीठ द्वारा विद्या वाचस्पति की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। हिन्दी पत्रिका कहानिका एवं महिला कल्याण समिति, ढोरी द्वारा विगत दिनों मैहर में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन सह-सम्मान समारोह में कहानिका मां शारदा काव्य महारथी सम्मान एवं उम्मीदों के शिखर पर बहुभाषी काव्य संग्रह में सरगुजिहा अनुवाद के लिए उन्हे आत्मसृजन प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है। सुरेश जायसवाल की अब तक 27 पुस्तके प्रकाशित हो चुकी है।

## भीषण गर्मी से लोगों को मिली राहत, तापमान में आई गिरावट

# मौसम ने ली करवट, तेज आंधी और बूंदाबांदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

नौतपा के सातवें दिन रविवार को दोपहर तक चिलचिलाती धूप और उमस के बाद अचानक मौसम ने करवट बदल ली। अपरान्ह में आसमान में काले बादल छा गए और तेज धूलभरी आंधी चलने लगी। तेज अंधड़ के कारण शहर की सड़कों पर आवागमन प्रभावित हुआ, वहीं कई जगह पेड़ों की डालियां टूटकर गिर गईं। आंधी की रफ्तार कम होने के बाद शहर क्षेत्र में बूंदाबांदी हुई तथा जिले के कुछ इलाकों में हल्की बारिश की भी जानकारी मिली।

मौसम में आए बदलाव के कारण शाम तक वातावरण सुहावना बना रहा और लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। उल्लेखनीय है कि नौतपा के पांचवें दिन से ही मौसम का मिजाज बदला हुआ है। लगातार बारिश और बादलों की वजह से तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। रविवार को अधिकतम तापमान में लगभग 7 डिग्री की कमी आई और पारा 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ⏭ शेष पेज 4 पर



### तेज आंधी-तूफान के दौरान सावधानी बरतें : कलेक्टर रोक्तिमा यादव

जिले में मौसम में आए अचानक बदलाव और तेज आंधी-तूफान की स्थिति को देखते हुए कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने नागरिकों से सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि खराब मौसम के दौरान पेड़ों, बिजली के खंभों, ट्रांसफार्मर और जर्जर भवनों के आसपास खड़े होने से बचें तथा सुरक्षा संबंधी सभी आवश्यक सावधानियों का पालन करें। कलेक्टर ने कहा कि तेज हवा और वर्षा के दौरान दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है, इसलिए लोग अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें। वाहन चालकों से भी सावधानीपूर्वक वाहन चलाने, दुपहिया वाहन में हेलमेट तथा चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का उपयोग करने की अपील की गई है। उन्होंने कहा कि सतर्कता और सावधानी ही प्राकृतिक आपदाओं तथा सड़क दुर्घटनाओं से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। नागरिकों के सहयोग से किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सकता है।

### मानसून के आगमन को लेकर ग्रामीण उत्साहित

**सोनहत।** क्षेत्र में पिछले कई दिनों से जारी भीषण गर्मी और नौतपा के बीच मौसम ने अचानक करवट ले ली है। शनिवार 31 मई को दोपहर बाद आसमान में घने बादल छा गए, जिसके बाद तेज हवा और आंधी-तूफान का दौर शुरू हो गया। मौसम का यह बदलाव देर शाम तक बना रहा। क्षेत्र के कुछ गांवों में हल्की बूंदाबांदी भी हुई, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली। मौसम में आए इस परिवर्तन से आने वाले दिनों में अच्छी बारिश होने के संकेत मिल रहे हैं। बारिश की संभावना को देखते हुए ग्रामीण अपने घरों के रख-रखाव, मरम्मत और अन्य आवश्यक तैयारियों में जुट गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग मानसून के आगमन को लेकर उत्साहित नजर आ रहे हैं।

## त्रि-स्तरीय पंचायत उप निर्वाचन

# 23 मतदान केन्द्रों पर आज होगा मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



त्रि-स्तरीय पंचायत उप निर्वाचन के अंतर्गत जनपद पंचायत बैकुंठपुर की 11 ग्राम पंचायतों में 8 पंच पदों एवं 1 जनपद पंचायत सदस्य पद के लिए 1 जून को मतदान कराया जाएगा।

निर्वाचन के लिए गठित मतदान दलों को उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उप निर्वाचन के लिए कुल 23 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं, जहां सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। निर्वाचन में कुल 6 हजार 639 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिनमें 3 हजार 386 पुरूष एवं 3 हजार 253 महिला मतदाता शामिल हैं। मतदान समाप्ति के बाद संबंधित मतदान केन्द्रों में ही मतगणना की जाएगी, जबकि अंतिम सारणीकरण कार्य 4 जून को जनपद पंचायत बैकुंठपुर में होगा। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं।

# अमृतधारा में सुरक्षा व्यवस्था हुई मजबूत, लगाए गए चेतावनी बोर्ड




हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

अमृतधारा जलप्रपात में हाल ही में हुई दुखद घटना के बाद जिला प्रशासन ने पर्यटकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सुरक्षा व्यवस्था मजबूत कर दी है।

प्रशासन द्वारा जलप्रपात क्षेत्र के संवेदनशील और दुर्घटना संभावित स्थानों पर चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं। प्रशासन ने ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित किया है, जहां फिसलन और गहराई के कारण दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इन स्थानों पर पर्यटकों को सावधानी बरतने और प्रतिबंधित क्षेत्रों में प्रवेश नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन ने पर्यटकों से सुरक्षा नियमों का पालन करने और जोखिमपूर्ण गतिविधियों से बचने की अपील की है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की पुनरावृत्ति न हो सके।

### दंतैल अंधेरा होते ही पहुंच जा रहा बस्ती के निकटः दहशत

**धौरपुर।** पिछले 10 दिनों से कोतरी जंगल में मौजूद अकेले घूम रहा दंतैल आक्रामक हो गया है तथा अंधेरा होते ही आबादी क्षेत्र के निकट पहुंच जा रहा है। दंतैल लगातार मक्के व सब्जियों की फसल रौंदकर तबाह कर रहा है। दंतैल के आक्रामक स्वभाव को देखते हुए ग्रामीण दहशत के बीच रातें गुजार रहे हैं। कोतरी जंगल में मौजूद दंतैल पिछले 10 दिनों से ग्राम किसुनपुर, पड़ौली, खुरण्डी एवं जमीरा में ग्रीष्मकालीन मक्का, खीरा, टमाटर सहित अन्य सब्जियों की फसल को तबाह कर रहा है। रोज-रोज की क्षति से परेशान किसानों ने बीच में शोर मचाकर दंतैल को जंगल की ओर खदेड़ने की कोशिश की तो दंतैल आक्रोशित हो गया तथा ग्रामीणों को दौड़ाने लगा। दंतैल द्वारा तोड़-फोड़ नहीं मचाने से ग्रामीण उसे सीधा मानते थे। दंतैल के आक्रामक स्वभाव को देखते हुए ग्रामीण दहशत में हैं। ग्रामीणों ने बताया कि मक्का की फसल तैयार हो गई है जबकि सब्जियों की फसल में अभी फलन शुरू नहीं हुआ है। दंतैल द्वारा फसलों को रौंदने से उन्हें भारी आर्थिक क्षति हो रही है।

# हर्रापारा में दहशत, घरों के बाहर खड़ी बाइकों से पेट्रोल चोरी

## पेट्रोल चोरी करने वाला गिरोह सक्रिय, कई वाहनों में चोरी की घटना को दिया अंजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ अब तक कोई आरोपी पकड़ में नहीं आया

शहर के वार्ड क्रमांक 1 हर्रापारा में इन दिनों दुपहिया वाहनों से पेट्रोल चोरी करने वाला गिरोह सक्रिय हो गया है। रात के सन्नाटे में घरों के बाहर खड़ी बाइकों से पेट्रोल चोरी की घटनाएं लगातार सामने आने लगी हैं, जिससे मोहल्लेवासी दहशत में हैं। रविवार तड़के एक वाहन मालिक ने अपनी बाइक से पेट्रोल निकालते एक युवक को देख लिया, जिसके बाद आरोपी मौके से भाग निकला।

जानकारी के अनुसार हर्रापारा निवासी एक व्यक्ति रोज की तरह शनिवार रात अपनी बाइक घर के बाहर खड़ी कर सो गया था। रविवार तड़के करीब 3 बजे अचानक घर से बाहर निकलने पर उसने देखा कि उसकी बाइक के पास एक युवक संदिग्ध हालत में खड़ा है। आवाज सुनते ही युवक भागने लगा। वाहन मालिक ने उसे दौड़ाने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। जल्दबाजी में आरोपी पेट्रोल से भरा डिब्बा वहीं छोड़ गया। पीड़ित ने बताया कि बाइक की टंकी के पाइप को काटकर पेट्रोल निकाला जा रहा था। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि बीती रात क्षेत्र में कई अन्य बाइकों से भी पेट्रोल चोरी की घटनाएं हुई हैं। सूत्रों के अनुसार पिछले कुछ दिनों से इस तरह की वारदातें लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन अब तक कोई आरोपी पकड़ में नहीं आया है।



### सुनियोजित तरीके से हो रही चोरी

स्थानीय लोगों के मुताबिक पेट्रोल चोरी करने वाला गिरोह बेहद सुनियोजित तरीके से काम करता है। पहले बाइक की टंकी के पाइप को काटकर उसमें पाइप जोड़ दिया जाता है और नीचे डिब्बा रख दिया जाता है, इसके बाद आरोपी कुछ दूरी पर चले जाते हैं और बाद में आकर पेट्रोल से भरा डिब्बा लेकर फरार हो जाते हैं।

### पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने की मांग

हर्रापारा शहर का घनी आबादी वाला क्षेत्र है। लगातार हो रही पेट्रोल चोरी की घटनाओं से लोग अपने वाहनों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। मोहल्लेवासियों ने पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में रात्रि पेट्रोलिंग बढ़ाने की मांग की है, ताकि चोरी की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

# मनेन्द्रगढ़ में सात दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ

**मनेन्द्रगढ़।** हाई स्कूल मैदान में सात दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्घाटन स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में पतंजलि योग समिति के स्टेट प्रभारी संजय अग्रवाल की मौजूदगी में काफी संख्या में योग साधकों एवं नागरिकों ने सहभागिता की। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने नियमित योग को स्वस्थ जीवन का आधार बताते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का माध्यम है। उन्होंने सभी नागरिकों से दैनिक जीवन में योग को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में 18 वीं बटालियन के हेड संजय शर्मा, दिनेश्वर मिश्रा, नीरज अग्रवाल, योग समिति के जिलाध्यक्ष सतीश उपाध्याय, नपाध्यक्ष प्रतिमा यादव, पंकज जैन संचेती, जयचंद्र बोथरा, संजीव ताम्रकार, अजमुद्दीन अंसारी, राहुल सिंह, जयंती यादव, अजय अग्रवाल सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। पतंजलि योग समिति के स्टेट कोऑर्डिनेटर संजय अग्रवाल ने शिविर के दौरान योग प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया। सात दिनों तक चलने वाले इस शिविर में स्वास्थ्य संवर्धन, तनाव प्रबंधन और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। श्री अग्रवाल ने बताया कि योग शिविर में प्रतिदिन प्रातःकाल योगाभ्यास कराया जाएगा तथा सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए इसमें भाग लेने की व्यवस्था की गई है। उद्घाटन अवसर पर उपस्थित लोगों ने नियमित योग करने का संकल्प भी लिया।



### जिला पंचायत की सामान्य सभा 4 को

**बैकुण्ठपुर।** जिला पंचायत एमसीबी की सामान्य सभा की बैठक 4 जून को आयोजित की जाएगी। बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे से शुरू होगी, जिसमें जिले के जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी शामिल होकर विभिन्न विकासात्मक एवं जनहित के विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे। बैठक में जिला पंचायत की आय-व्यय की समीक्षा के साथ-साथ ग्रामीण विकास और प्रशासनिक व्यवस्थाओं से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। एजेंडे में वीबी-ग्राम जी प्रशिक्षण, जल संरक्षण अभियान मोर गांव मोर पानी, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने संबंधी नवीन निर्देशों की जानकारी, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट) के संबंध में प्रशिक्षण तथा महतारी वंदन योजना की प्रगति की समीक्षा प्रमुख रूप से शामिल है। बैठक में जिले के विकास कार्यों की वर्तमान स्थिति, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और ग्रामीण क्षेत्रों में जन सुविधाओं को बेहतर बनाने के उपायों पर भी चर्चा की जाएगी।

# उप निर्वाचनः हरी झंडी दिखाकर की गई बस रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रूक्तिमा यादव तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में त्रि-स्तरीय पंचायत उप निर्वाचन के तहत जनपद पंचायत बैकुंठपुर के 11 ग्राम पंचायत में कुल 8 पंच एवं 1 जनपद पंचायत सदस्य का उप निर्वाचन कराए जाने के लिए 23 मतदान दलों का उप जिला निर्वाचन अधिकारी डीडी मंडावी ने हरीझंडी दिखाकर बस को रवाना किया।

विदित हो कि ग्राम पंचायत डुमरिया एवं केनापारा में 8 पंचों और जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 7 में जनपद सदस्य के निर्वाचन के लिए 1 जून को प्रातः 7 से 3 बजे तक उप निर्वाचन होना है। जनपद सदस्य एवं पंचो के उप निर्वाचन निर्वाचन के लिए 23 मतदान केन्द्र बनाए गए मतदान के पश्चात मतदान केन्द्र स्थल पर ही मतगणना किया जाएगा, परंतु परिणाम की घोषणा खंड मुख्यालय पर रिटर्निंग ऑफिसर के द्वारा किया जाएगा।

मतदान दलों को सामग्री वितरण स्थल पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, उमेश पटेल, रिटर्निंग ऑफिसर शुभ कोसले ,सहायक रिटर्निंग ऑफिसर ए.पन्ना, सेक्टर मजिस्ट्रेट मुखदेव यादव, अभिसार पांडेय, सेक्टर आफिसर डॉ.राकेश शुक्ला, डॉ. शुभम वर्मा, एके निराला, एसके ओझा एवं उप पुलिस अधीक्षक श्याम मधुकर, डीएसपी राजेश साहू, पंचायत उप निर्वाचन प्रभारी अधिकारी जीएस ध्रुव, रामा निवास उपाध्याय एवं जनपद स्टॉप उपस्थित रहे।




## फाइनल में वार्ड क्रमांक 22 की टीम को 55 रनों से हराया

# मनेन्द्रगढ़ कप क्रिकेट टूर्नामेंट में भगत सिंह वार्ड बना चैम्पियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

मनेन्द्रगढ़ कप क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच शनिवार को शहर के मिनी स्टेडियम में रंगारंग समारोह के बीच खेला गया। 12 दिनों तक चले क्रिकेट के इस महाकुंभ में वार्ड 17 के विजेता बनने पर समर्थक जश्न में डूब गए। फाइनल मैच का लुत्फ उठाने के लिए मिनी स्टेडियम में खेलप्रेमियों का सैलाब उमड़ पड़ा।

प्रेसीडेंट क्लब द्वारा आयोजित मनेन्द्रगढ़ कप का समापन समारोह प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मुख्य आतिथ्य, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले एवं नपा अध्यक्ष प्रतिमा यादव की उपस्थिति में संपन्न हुआ। लगातार सोलह वर्षों से आयोजित होने वाला फ्लट लाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के 16 वें वर्ष में वार्ड क्रमांक 17 व 22 के बीच फाइनल मुकाबला हुआ, जहां वार्ड क्रमांक 17 ने टास जीतकर बल्लेबाजी चुना। पहले बल्लेबाजी करने उतरी वार्ड क्रमांक 17 की टीम के ओपनर अभिषेक और संजय ने टीम को अच्छी शुरूआत प्रदान की संजय के द्वारा 31 गेंद पर 78 रन के शानदार प्रदर्शन से निर्धारित ओवरों में पांच विकेट खोकर 135 रन बनाया। गेंदबाजी में वार्ड क्रमांक 22 के गेंदबाज अंगद, मेहताब, सुमित, मनीष और फैज ने एक एक विकेट हासिल किया। 135 रनो का पीछा करने उतरी वार्ड क्रमांक 22 की टीम के श्रेयस 30 , सुमित 20 रनो की पारी के बावजूद पूरी टीम 80 रन बना कर आल आउड हो गई। गेंदबाजी में वार्ड क्रमांक 17 के गेंदबाज संजय ने दो, अभिषेक ने तीन सागर ने दो विकेट, शिवम और निखिल ने एक एक विकेट हासिल किया। इस तरह वार्ड क्रमांक 17 ने फाइनल मैच 55 रनो से जीत कर मनेन्द्रगढ़ कप 2026 पर अपना नाम दर्ज करा लिया। ऑलराउंडर संजय ने दो विकेट के साथ ही 78 रनो की अर्द्धशतकीय पारी खेली, जिससे उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया। मैच में अंपायर की भूमिका अजय सिंह व अमन ने की।

स्कोरिंग शुभम सिंह एवं कमेंट्री में प्रकाश त्रिपाठी व रमणीक रैना ने आंखों देखा हाल सुनाया। विजेता व उपविजेता टीम को शानदार ट्राफी के साथ अन्य पुरस्कार प्रदान किया गया। व्यक्तिगत पुरस्कारों में मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार वार्ड क्रमांक 17 के खिलाड़ी अभिषेक बढेरा को दिया गया। वहीं बेस्ट बॉलर विक्की, बेस्ट बैट्समैन श्रेयस सिन्हा व बेस्ट फिल्डर गगन को प्रदान किया गया। इस अवसर पर पूरे टूर्नामेंट में शानदार अंपायरिंग के लिए अजय सिंह और अमन को ⏭ शेष पेज 4 पर



# सत्ता पक्ष के पार्षदों की अनसुनी से जनता परेशान

**डोमनहिल।** नगर पालिक निगम चिरमिरी के वार्ड क्रमांक 34 के पार्षद राहुल भाई पटेल ने निगम के वर्तमान कार्यकाल और व्यवस्थाओं पर सवाल उठाते हुए कहा है कि सत्ता पक्ष के पार्षदों की स्थिति देखकर शहर की जनता स्वयं नगर की वास्तविक स्थिति का आंकलन कर सकती है।

उन्होंने कहा कि वार्ड क्रमांक 39 के भाजपा पार्षद द्वारा सोशल मीडिया पर सफाई कर्मचारियों की कमी का मुद्दा उठाते हुए वार्डवासियों से सीधे 1100 में शिकायत करने की अपील की गई है। वहीं वार्ड क्रमांक 6 के भाजपा पार्षद ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से मंत्री और महापौर को टैग करते हुए अपनी समस्याएं साझा की हैं। उन्होंने कहा कि जब सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधियों को ही अपनी बात रखने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लेना पड़ रहा है, तब आम नागरिकों की समस्याओं और उनकी सुनवाई की स्थिति का सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि चिरमिरी की जनता यह जानना चाहती है कि यदि जनप्रतिनिधियों की ही सुनवाई नहीं हो रही है तो आम नागरिक अपनी समस्याएं लेकर कहां जाएं। श्री पटेल ने मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के द्वितीय चरण के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 29 जनपद स्कूल बड़ा बाजार से वार्ड क्रमांक 34 गोदरीपारा गुरुद्वारा चौक तक गौरव पथ निर्माण कार्य के लिए 290.99 लाख रूपए की स्वीकृति का स्वागत किया। हालांकि उन्होंने कहा कि केवल बीटी ⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### तेज डायग्नोस्टिक सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सक आज

**अम्बिकापुर।** तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल में रविवार 31 मई 2026 को सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.नीरज प्रसाद, पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.भाविक शाह संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों के उपचार हेतु एवं परामर्श के लिए तेज डायग्नोस्टिक सेंटर एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल, बाबूपारा अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे।

### चोरो ने पार किया 1500 मीटर विद्युत केबल

अम्बिकापुर। चोरों ने मैनपाट अंतर्गत समनिया-नागाडांड एवं कार्निवाल ग्राउण्ड में विद्युत विस्तार के लिए उपयोग किए गए 1500 मीटर एबी केबल को पार कर दिया है। खास बात है कि इस बड़ी चोरी की विद्युत अधिकारियों को हवा तक नहीं लग सकी। एक सप्ताह बाद ग्रामीणों की सूचना पर अधिकारियों ने जांच कराई तो एबी केबल चोरी होने की जानकारी मिली। चोरों ने 20 खंबो में लगे 1500 मीटर केबल की चोरी की है। मामले में विभाग के उपयंत्री ने अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### पेड़ से टकराई बाइक ग्रामीण की गई जान

अम्बिकापुर। बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया। दुर्घटना में गंभीर हुए बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी कुन्नी अंतर्गत ग्राम लिपिंगी ससाकालोपारा निवासी सुखलाल मझवर गत दिन किसी काम के सिलसिले में ग्राम लिपिंगी मुडापारा गया था। शाम को वापस घर लौटने लगा और जैसे ही बंदूक दरहा मेन रोड पर पहुंचा तभी बाइक से नियंत्रण खो बैठा जिससे अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया। बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार के सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### हड़ताली कर्मचारियों को निलंबित किया जाए-पाण्डेय

**अम्बिकापुर।** भाजपा विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष जन्मेजय पाण्डेय ने हड़ताल कर रहे राजस्व अधिकारियों पर निलंबन व सेवा बर्खास्तगी की मांग की है। वरिष्ठ अधिवक्ता जन्मेजय पाण्डेय ने कलेक्टर सरगुजा को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि राजस्व



अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा की जाने वाली हड़ताल पूरी तरह से गैर कानूनी आवंटित और आम जनता के अधिकारों का हनन करने वाली है। देश के सर्वोच्च न्यायालय ने टीके रंगराजन बनाम तमिलनाडु राज्य के ऐतिहासिक फैसले में स्पष्ट रूप से कहा है कि शासकीय सेवकों को हड़ताल पर जाने का कोई मौलिक व वैधानिक अधिकार नहीं है। इसके अतिरिक्त छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम 1965 के तहत शासकीय सेवा से जुड़े किसी मामले को लेकर काम बंद करना, सामूहिक अवकाश पर जाना या पेन डाउन हड़ताल करना सीधे तौर पर गंभीर कदाचार की श्रेणी में आता है। राजस्व विभाग जैसे अनिवार्य और अर्ध न्यायिक अंग के ठप होने से छत्तीसगढ़ का आम नागरिक, किसान व छात्र बुरी तरह से प्रभावित व प्रताड़ित हो रहे हैं। इस प्रकार के अवैध हड़ताल छत्तीसगढ़ लोकसेवा गारंटी के तहत अनुशासनात्मक दण्डात्मक कार्रवाई योग्य है। राजस्व अधिकारी-कर्मचारी विधायक सीतापुर पर दर्ज अपराध में शासन पर अनुचित दबाव डालने हड़ताल कर रहे है। अतः हड़ताली कर्मचारियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ सिविल सेवा संहिता एवं अति आवश्यक सेवा अधिनियम के तहत उचित कार्रवाई करते हुए उनकी सेवा समाप्ति अथवा निलंबन की कार्रवाई करें।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार ग्रामीण की गई जान

अम्बिकापुर। गैस सिलेंडर भरवा कर घर लौट रहे बाइक सवार को अज्ञात वाहन के चालक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम शिवपुर डेबरी निवासी धनराज रवि आ. सरिफा राम (40 वर्ष) गत दिन गैस सिलेंडर भरवाने राजपुर क्षेत्र में आया था। गैस सिलेडर भरवाने के पश्चात बाइक से वापस घर लौटने लगा और जैसे ही ग्राम हरितमा के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार मौके पर ही अचेत हो गया।

## बकाया ऋण वसूलने में अधिकारियों को छूट रहा पसीना

# जिला सहकारी केंद्रीय बैंक का कालातीत कृषि ऋण बढ़कर पहुंचा 37241 करोड़ रूपए

हरिभूमि न्यूज.अम्बिकापुर

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अधिकारियों को किसानों के पास लंबित कालातित ऋण की राशि साल दर साल बढ़ते जा रही हैं जिसका प्रभाव बैंक की वित्तीय स्थिति पड़ रहा है। बैंक के अधिकारियों को कृषि ऋण की बकाया राशि वसूलने में पसीना छूट रहा है। बैंक प्रबंधन हर साल बकाया ऋण वसूलने के लिए समितियों एवं अपनी शाखाओं के माध्यम से वसूली अभियान चलाता है लेकिन इस अभियान का कुछ खास प्रभाव नजर नहीं आ रहा है। कृषकों की सुविधा के लिए शासन द्वारा हर साल खरीफ एवं रबी सीजन में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक सहित अन्य राष्ट्रीयकृत बैंकों के माध्यम से ऋण प्रदान किया जाता है।

■ सहकारी बैंक एवं समितियों की वित्तीय स्थिति हो रही प्रभावित

गांव-गांव में सहकारी समितियां संचालित होने एवं धान की खरीदी समितियों के माध्यम से होने के कारण अधिकांश किसान समितियों के माध्यम से जिला सहकारी केंद्रीय बैंक से कृषि ऋण लेते हैं। खरीफ एवं रबी की खेती के पूर्व बैंक किसानों को नगद राशि एवं खाद-बीज के रूप में ऋण उपलब्ध कराता है। कृषि ऋण के लिए किसानों को धान विक्रय के माध्यम से ऋण राशि के भुगतान की सुविधा दी गई है। एक साल के भीतर ऋण का भुगतान करने पर किसानों को व्याप्त राशि का भुगतान नहीं करना पड़ता। शासन बैंक एवं समितियों को अनुदान के रूप में ब्याज राशि का भुगतान करता है। लिंकिंग के माध्यम से ऋण भुगतान व वसूली की सुविधा होने के कारण बैंक के लिए कृषि ऋण को सुरक्षित माना जाता था क्योकि समिति में अपनी उपज बेचने वाले किसानों को प्रमुखता के साथ पहले धान विक्रय के माध्यम से ऋण की वसूली कर ली जाती है। अब ऋण भुगतान नहीं करने वाले किसान अपनी उपज को दूसरे किसानों के माध्यम से विक्रय कर रहे हैं या फिर समिति अपनी उपज न बेचकर व्यापारियों को बेच दे रहे हैं। लिंकिंग के माध्यम से ऋण राशि का भुगतान नहीं करने वाले कुछ किसान नगद भुगतान भी कर रहे हैं। लेकिन हर साल कृषि ऋण की 10 फीसदी राशि लंबित हो जा रही है तथा यह राशि बढ़कर 37241.62 करोड़ रूपए पहुंच गई है।



### 5018 किसानों पर 22259 करोड़ का ऋण

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रबी एवं खरीफ फसल के लिए हर साल अलग-अलग कृषि ऋण प्रदान करता है। अधिकांश किसान समय पर ऋण राशि का भुगतान कर फिर से ऋण लेते हैं। पिछले साल जिला सहकारी केंद्रीय बैंक ने एकीकृत सरगुजा के विभिन्न पांच जिलों के 120111 किसानों को 39831.86 करोड़ का कृषि ऋण प्रदान किया था। रबी फसलों के लिए बैंक ने 5018 किसानों को 1310.82 करोड़ का ऋण प्रदान किया था। इस बार खरीफ सीजन के लिए 125129 किसानों ने कृषि ऋण के लिए पंजीयन किया है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक द्वारा किसानों को 41201.01 करोड़ का ऋण प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है तथा ऋण का वितरण भी प्रारंभ कर दिया गया है। हैरानी की बात है कि एकीकृत सरगुजा के मात्र 5711 किसानों ने ही बैंक का 37241.62 करोड़ का ऋण भुगतान लंबित रखा है।

### फिर से ऋण माफी की उम्मीद

बैंक से बिना ब्याज कृषि ऋण उपलब्ध होने से कृषकों को खेती में काफी सुविधा होती है तथा समितियों से समय पर खाद-बीज उपलब्ध हो जाता है। खेती की लागत बढ़ने के कारण आर्थिक सहयोग के बिना भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। अधिकारियों का कहना है कि ऋण राशि लंबित रखने वाले किसानों को कई तरह की समस्याएं भी होती हैं लेकिन शासन द्वारा पुनः ऋण माफी मिलने की उम्मीद में किसान ऋण राशि का भुगतान करने में रूचि नहीं लेते। बैंक के पास वसूली के लिए सख्ती करने का भी कोई प्रावधान नहीं है।

### नियमित चलता है अभियान

बैंक प्रबंधन हर साल समितियों के माध्यम से बकाया ऋण राशि वसूलने के लिए अभियान चलाता है। अभियान के दौरान ऋण की वसूली भी होती है लेकिन हर साल लगभग 10 फीसदी राशि लंबित हो जा रही है जिसका प्रभाव बैंक की वित्तीय स्थिति पर पड़ रहा है।

**बालकृष्ण प्रताप सिंह**, प्रभारी, विपणन को-ऑपरेटिव बैंक

# लटोरी पुलिस ने 6 फरार वारंटी, दो को उत्तर प्रदेश से पकड़ा



**बिश्रामपुर।** न्यायालय से जारी गिरफ्तारी वारंटों की तामील सुनिश्चित करने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत लटोरी चौकी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए छह फरार वारंटियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में दो वारंटियों को उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले से पकड़कर सूरजपुर लाया गया। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर फरार वारंटियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में लटोरी पुलिस ने हुलिया बदलकर फरार चल रहे छह वारंटियों को गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय में पेश किया।

गिरफ्तार वारंटियों में रवि विश्वकर्मा (33 वर्ष), निवासी बिश्रामपुर, शिव शंकर पनिका (40 वर्ष), निवासी म्योरपुर, जिला सोनभद्र (उ.प्र.), रवि अगरिया (26 वर्ष), निवासी कल्याणपुर, हाल मुकाम बभनी, जिला सोनभद्र (उ.प्र.), सुदर्शन गिरी (55 वर्ष), निवासी महेशपुर, संजय पैकरा (22 वर्ष), निवासी महेशपुर तथा सेवी कुमार (35 वर्ष), निवासी वीरपुर, थाना जयनगर शामिल हैं। पुलिस के अनुसार वारंटी शिव शंकर पनिका को उत्तर प्रदेश के म्योरपुर तथा रवि अगरिया को बभनी, जिला सोनभद्र से गिरफ्तार किया गया। दोनों लंबे समय से गिरफ्तारी से बचने के लिए अपने ठिकाने बदल रहे थे। कार्रवाई में चौकी प्रभारी अरुण कुमार गुप्ता, प्रधान आरक्षक दिलेश्वर सिंह, रामनिवास तिवारी तथा आरक्षक विकास मिश्रा, सुनील एक्का, सोमनाथ कुशवाहा, कैलू राजवाड़े, भोला केरकेट्टा, जयप्रकाश यादव और मनोज सिरदार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने बताया कि न्यायालय से जारी वारंटों की तामील और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# आठवां वेतन आयोग को लेकर रेलवे कर्मचारियों की उम्मीदें बढ़ी

**बिश्रामपुर।** केंद्र सरकार द्वारा गठित किए जाने वाले आठवें वेतन आयोग को लेकर रेलवे कर्मचारियों में बड़ी उम्मीदें जगी हैं। रेलवे के सबसे बड़े कर्मचारी संगठन एनएफआईआर ने रेलवे कर्मचारियों के हित में कई महत्वपूर्ण मांगें सरकार एवं वेतन आयोग के समक्ष रखी हैं। संगठन ने न्यूनतम वेतन 72 हजार रुपये प्रतिमाह तथा फिटमेंट फैक्टर 4.0 लागू करने की मांग प्रमुखता से सरकार के समक्ष रखी है। एनएफआईआर के महासचिव डॉ. एम.रघुवैया ने कहा कि रेलवे कर्मचारी दिन-रात कठिन परिस्थितियों में कार्य करते हुए देश की सेवा करते हैं। उन्होंने कहा कि हर वर्ष सैकड़ों रेलवे कर्मचारियों की ड्यूटी के दौरान जान चली जाती है, इसके बावजूद कर्मचारी पूरी ईमानदारी एवं समर्पण के साथ रेल के संचालन में जुटे रहते हैं। ऐसे कर्मचारियों को बेहतर वेतन एवं सुविधाएं मिलना उनका अधिकार है। उन्होंने बताया कि संगठन द्वारा वेतन आयोग के समक्ष प्रस्तुत मेमोरेंडम में न्यूनतम वेतन 72 हजार रुपये करने, फिटमेंट फैक्टर 4.0 लागू करने, कर्मचारियों को अधिक से अधिक प्रमोशन के अवसर देने, घर के पास ट्रांसफर, बेहतर मेडिकल सुविधा, जोखिम भत्ता बढ़ाने तथा कार्य परिस्थितियों में सुधार जैसी मांगें रखी गई हैं। रेलवे मजदूर कांग्रेस के जोनल महामंत्री पी ता म्बर लक्ष्मीनारायण ने कहा कि रेलवे कर्मचारी देश की रीढ़ हैं और उनके हितों की रक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आठवें वेतन आयोग में कर्मचारियों की मांगों पर सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा, जिससे लाखों कर्मचारियों एवं उनके परिवारों को लाभ मिलेगा। रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर मंडल के मंडल समन्वयक विजय अग्निहोत्री ने कहा कि लंबे समय से कर्मचारी वेतन विसंगतियों एवं सुविधाओं में सुधार की मांग कर रहे हैं,यदि फिटमेंट फैक्टर 4.0 लागू होता है तो कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति में बड़ा सुधार आएगा और महंगाई से राहत मिलेगी। वहीं एनएफआईआर के जोनल मीडिया प्रभारी लक्ष्मण राव ने बताया कि संगठन लगातार कर्मचारियों की आवाज सरकार तक पहुंचा रहा है। उन्होंने कहा कि रेलवे कर्मचारियों की सुरक्षा, बीमा कवरेज और कार्यस्थल सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में भी गंभीरता से मांग उठाई गई है। कर्मचारी संगठनों का मानना है कि आठवें वेतन आयोग के लागू होने से महंगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता एवं अन्य भत्तों में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इसका सीधा लाभ देशभर के लगभग 13 लाख रेलवे कर्मचारियों को मिल सकता है।

■ मिनिमम सैलरी 72 हजार करने की मांग, फिटमेंट फैक्टर 4.0 लागू करने पर जोर

रेलवे कर्मचारी दिन-रात मेहनत करके देश की सेवा करते हैं,उनकी ईमानदारी,समर्पण और कठिन परिश्रम को देखते हुए हमने न्यूनतम वेतन 72 हजार रुपये की मांग रखी है।उक्त जानकारी जोनल प्रवक्ता गोपी राव ने दिया।

# वर्षा जल संरक्षण को लेकर लोगों को दी गई जानकारी

राजपुर। जल संरक्षण एवं भू-जल संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मोर गांव मोरे पानी अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत के सभा कक्ष में 5 प्रतिशत मॉडल पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा बताया गया कि 5 प्रतिशत मॉडल वर्षा जल संरक्षण की एक प्रभावी तकनीक है, जिसके माध्यम से खेतों में बारिश के पानी को रोककर लंबे समय तक सुरक्षित रखा जा सकता है। इससे खेतों में नमी बनी रहती है, फसलों को पर्याप्त जल उपलब्ध होता है तथा भू-जल स्तर में वृद्धि होती है। इसके साथ ही किसानों को सिंचाई संबंधी समस्याओं से भी काफी हद तक राहत मिल सकती है। प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रतिभागियों को 5 प्रतिशत मॉडल की तकनीकी जानकारी दी गई और बताया गया कि खेतों में इसका निर्माण किस प्रकार किया जा सकता है। विशेषज्ञों ने मॉडल के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जल संरक्षण की दिशा में यह एक सरल, कम लागत और अत्यंत प्रभावी उपाय है। इसके माध्यम से कृषि उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ जल संकट की समस्या को भी कम किया जा सकता है। कार्यशाला में क्षेत्र में लगातार घटते भू-जल स्तर पर चिंता व्यक्त की गई। वक्ताओं ने कहा कि जल संरक्षण



के लिए सामुदायिक सहभागिता आवश्यक है और यदि प्रत्येक किसान अपने खेत में इस मॉडल को अपनाए तो आने वाले समय में जल संकट की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार किया जा सकता है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय कुमार दुबे ने बताया कि जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने सरपंचों एवं पंचायत प्रतिनिधियों से अपील की कि वे जनभागीदारी के माध्यम से अधिक से अधिक किसानों को 5 प्रतिशत मॉडल अपनाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने वृक्षारोपण को भी जल संरक्षण का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। इंडियन ग्रामीण सर्विसेज के प्रतिनिधि राधा रमण पांडेय ने कहा कि इस मॉडल खेतों में जल संरक्षण का प्रभावी साधन है। इससे वर्षा जल का बेहतर उपयोग संभव होता है, मिट्टी की नमी लंबे समय तक बनी रहती है तथा भू-जल स्तर में सुधार होता है। उन्होंने किसानों से इस मॉडल को अपनाकर जल संरक्षण अभियान को सफल बनाने का आग्रह किया।

### विद्युत विभाग के जूनियर सुपरवाइजर को सेवानिवृत्ति पर दी गई सम्मानपूर्वक विदाई

बिश्रामपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के बिश्रामपुर वितरण केंद्र में शुक्रवार को भावनात्मक माहौल के बीच जूनियर सुपरवाइजर भागवत त्रिपाठी को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। विद्युत विभाग में चार दशक से अधिक समय तक अपनी सेवाएं देने के बाद वे 30 मई को सेवानिवृत्त हो गए। उनके सेवानिवृत्त होने पर विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके योगदान को याद करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। ज्ञात हो कि भागवत त्रिपाठी वर्ष 1996 से बिश्रामपुर उप संभाग में कार्यरत थे। हालांकि उन्होंने विद्युत विभाग में 42 वर्षों तक अपनी सेवाएं दीं। अपने लंबे कार्यकाल के दौरान उन्होंने विभागीय जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और कर्तव्यपरायणता के साथ किया। विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिसके कारण वे सहकर्मियों और अधिकारियों के बीच एक कर्मठ एवं अनुभवी कर्मचारी के रूप में पहचाने जाते रहे। उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर आयोजित विदाई समारोह में उप संभाग बिश्रामपुर के सहायक अभियंता प्रतीक बड़ा, कनिष्ठ अभियंता कामेल केरकेट्टा, साजिद शेख, अजय कुमार, सहायक ग्रेड-3 विजय एक्का सहित विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों ने श्री त्रिपाठी के साथ बिताए गए कार्यकाल के अनुभव साझा किए तथा उनके कार्यों की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि किसी भी संस्थान की सफलता में अनुभवी कर्मचारियों की अहम भूमिका होती है और भागवत त्रिपाठी ने अपने सेवा काल में अनुशासन, समर्पण और जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने युवा कर्मचारियों को भी अपने अनुभवों से मार्गदर्शन दिया, जिसका लाभ विभाग को लंबे समय तक मिलता रहेगा।समारोह के अंत में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्री त्रिपाठी को शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कई कर्मचारियों ने कहा कि विभाग को उनकी कमी हमेशा महसूस होगी, लेकिन उनके अनुभव और कार्यशैली आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बने रहेंगे।

# फल दुकानों की जांच में मिले फफूंद लगे संतरा एवं फर्जी स्टीकर लगे सेब

**अम्बिकापुर।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने गुरूवार को अभियान चलाकर फल दुकानों की जांच की एवं शंका के आधार पर विभिन्न फलों का नमूना एकत्र किया।

फलों को पकाने के लिए जहरीले रसायनों एवं कार्बाइड का उपयोग करने की शिकायत पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने गुरूवार को थोक फल विक्रेताओं के दुकानों की जांच की। सुबह 11 बजे जैसे ही टीम ने जांच शुरू की कई थोक फल विक्रेता अपनी दुकानें बंद कर भाग निकले। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम सबसे पहले साईं फ्रूट कंपनी पहुंची। दुकान में उपलब्ध फलों का जायजा लेने के बाद टीम ने व्यवसाई के गैस चेम्बर की जांच की। गैस चेम्बर में 6.5 क्विंटल फफूंद लगा संतरा रखा मिला जिसे तत्काल ननि के कचरा वाहन में फेंकवाया गया। अधिकारियों ने खराब हो चुके संतरा को गौर चेम्बर में संरक्षित रखने पर नाराजगी जताई तथा भविष्य में ऐस करते पाए जाने पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी। टीम खुड़ियारानी फ्रुट कंपनी में पहुंची तो कर्मचारी सेव के फल में स्टीकर लगाते मिले। कर्मचारी अधिक कीमत पर सेव खपाने के लिए शासन के निर्देश के विरूद्ध प्रोड्यूस ऑफ ब्राजील का फर्जी स्टीकर लगा रहे थे। टीम ने दुकान से स्टीकर लगा 10 पेटी सेव जब्त किया है। टीम ने एनपीएस फ्रूट एजेंसी से फलों में जहरीले रसायनों की उपलब्धता की आशंका पर केला, सेव का नमूना जबकि महामाया फ्रूट कंपनी से आम का नमूना लिया है। जांच के दौरान तीन व्यवसायी बिना लाइसेंस दुकान संचालित करते पाए गए इन दुकानदारों को लाइसेंस लेने के बाद ही दुकान खोलने के निर्देश दिए गए जबकि बिना लाइसेंस फल दुकान संचालित करने वाले कई व्यवसायी अपनी दुकाने बंदकर भाग निकले। विभाग के अभिहत अधिकारी नीतेश मिश्रा ने बताया कि गुणवत्ताहीन खाद्य सामग्रियों के विरूद्ध विभाग का अभियान निरंतर चलता रहेगा तथा फलों के नमूनों को जांच के लिए कोल्ड चेन के माध्यम से लैब भेजा जाएगा।



### सब्जी दुकानों से लिया नमूना

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने सब्जियों में कीटनाशक सहित अन्य खतरनाक रसायनों के मौजूद होने की शिकायत पर शुक्रवार को कंपनी बाजार एवं गुदरी बाजार में संचालित सब्जी दुकानों की जांच की। इस दौरान टीम ने बनारसी दास एण्ड संस से आलू, मित्तल आलू भंडार से प्याज, सुरेश सब्जी कंपनी से खीरा, विकास सब्जी भंडार से पत्ता गोभी, अमित कश्यप से तरबूज, श्री सरगुजा सब्जी भण्डा से खीरा एवं लौकी का नमूना एकत्र किया। अभिहित अधिकारी नितेश कुमार मिश्रा ने बताया कि एकत्र किए गए सभी नमूनों को जांच के लिए रायपुर लैब भेजा जाएगा।

# एसडीएम के नेतृत्व में उर्वरक विक्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण, अनियमितता मिलने पर जारी किया नोटिस

**डांड़गांव।** कलेक्टर के निर्देशानुसार खेती के सीजन में किसानों को गुणवत्तापूर्ण और निर्धारित दर पर खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन सख्त हो गया है। इसी क्रम में एसडीएम रामराज सिंह के नेतृत्व में कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने क्षेत्र के उर्वरक विक्रय केंद्र में. शिवम बीज भंडार उदयपुर में अनिल ट्रेडर्स सलका, मे जायसवाल कृषि सेवा केंद्र सलका का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान टीम ने दुकानों में स्टॉक पंजी, मूल्य सूची प्रदर्शन और पीओएस मशीन से बिक्री की स्थिति की बारीकी से जांच की। जांच के दौरान कुछ केंद्रों पर स्टॉक बोर्ड प्रदर्शित न करने, स्टॉक रजिस्टर में एंट्री अधूरी मिलने और मूल्य सूची नहीं लगाने जैसी गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। एसडीएम ने इन गड़बड़ियों पर कड़ी नाराजगी जताते हुए संबंधित उर्वरक विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी है कि निर्धारित समय सीमा में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर दुकान का लाइसेंस निलंबित या निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने कहा कि किसानों के हितों से



खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाशत नहीं किया जाएगा। यदि कोई भी विक्रेता खाद की कालाबाजारी, ओवररेटिंग या जमाखोरी करते हुए पाया गया, तो उसके खिलाफ उर्वरक नियंत्रण आदेश के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन द्वारा आगे भी इस तरह के औचक निरीक्षण लगातार जारी रहेंगे। इस दौरान वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी उदयपुर राधा कृष्णन, उर्वरक निरीक्षक अजय बड़ा, कृषि विकास अधिकारी रामपाल पैकरा उपस्थित रहे।

## पहाड़ी कोरवा ग्रमीणों को प्रदान किया गया उन्नत किस्म का सूकर

**राजपुर।** डीएफओ आलोक वाजपेयी की पहल पर वन परिक्षेत्र अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के लोगों को स्व-रोजगार से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। इसी कड़ी में ग्राम अखोराखुर्द के जवाखाड़ पहाड़ी कोरवा बस्ती के अरविंद कोरवा सहित 9 सदस्यीय स्व सहायता समूह को सुकर पालन के लिए उन्नत नस्ल के सूकर पशुओं का वितरण किया गया। कार्यक्रम सामरी विधायक उद्देश्वरी पैंकरा के मुख्य अतिथि में आयोजित किया गया।



कार्यक्रम के दौरान हितग्राहियों को 1-3 के अनुपात में कुल 4 नग उन्नत नस्ल के सूकर प्रदान किए गए, जिससे समूह के सदस्य स्वरोजगार के माध्यम से अपनी आय बढ़ा सकें और आत्मनिर्भर बन सकें। कार्यक्रम में वन प्रबंधन समिति अखोरा द्वारा भी सहयोग प्रदान किया गया। समिति ने हितग्राहियों को 18 हजार रूपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई है। यह राशि हितग्राही समूह द्वारा आसान किस्तों में वापस की जाएगी। तय व्यवस्था के अनुसार समूह के सदस्य प्रति माह 500 रूपए की किस्त जमा करेंगे। इससे ग्रामीणों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी नहीं पड़ेगा और वे धीरे-धीरे अपनी आय बढ़ाते हुए राशि वापस कर सकेंगे। इस अवसर पर वन परिक्षेत्राधिकारी राजपुर अजय वर्मा, बारियो बीट गार्ड, रेवतपुर एवं अखोराखुर्द के सरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## गागर नदी में नहाने के दौरान डूबा युवक

**राजपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गागर नदी पुल के 50 मीटर नीचे शनिवार सुबह एक 22 वर्षीय युवक के डूब जाने की घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही राजपुर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक की तलाश शुरू कर दी, लेकिन देर शाम तक उसका कोई पता नहीं चल सका। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम डकवा में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद शनिवार सुबह करीब 10 बजे लगभग 10 युवक गागर नदी में नहाने के लिए गए थे। इसी दौरान बरियों उरांव पारा निवासी 22 वर्षीय फुलसाय लकड़ा आ. सुरेंद्र लकड़ा, नदी के गहरे हिस्से में पहुंच गया और पानी में डूब गया। साथियों द्वारा उसे बचाने का प्रयास किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। घटना की जानकारी मिलते ही राजपुर पुलिस का अमला मौके पर पहुंचा। नदी में पानी की अधिक गहराई के कारण युवक का पता लगाने में कठिनाई हुई। युवक की तलाश के लिए बलरामपुर से गोताखोरों की टीम बुलाई गई, जिसने पूरे दिन नदी में सर्च अभियान चलाया। परिजन और ग्रामीणों की मौजूदगी में पुलिस एवं गोताखोरों द्वारा लगातार खोजबीन की गई, लेकिन देर शाम तक युवक का कोई सुराग नहीं मिला।

## पेट्रोल पंप में बाइक सवार युवक हुआ उठाईगिरी का शिकार

अम्बिकापुर। बाइक में पेट्रोल भरवाने गया युवक उठाईगिरी का शिकार हो गया। अज्ञात बाइक सवार दो युवकों ने युवक की बाइक की डिक्की से नकद 49 हजार रुपए लेकर फरार हो गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध चोरी का मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार पस्ता थाना अंतर्गत ग्राम तोनी भेण्डरी निवासी सुडल पैकरा आ. स्व. सिंगलाल पैकरा ने राजपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि शुक्रवार को नाती राजेश पैकरा और पोता प्रकाश पैकरा बाइक से सहकारी बैंक राजपुर में पैसा निकालने गए थे। बैंक से 49 हजार रुपए निकाल कर बाइक में पेट्रोल डलवाने के लिए चले गए। जैसे ही बाइक सवार सिंगचौरा पेट्रोल पंप में पेट्रोल भरवाने के लिए रुके तभी बाइक सवार दो युवक पहुंचे और उसके बाइक के पास खड़ा हो गए। इधर युवकों ने बाइक में पेट्रोल भरवाने आने की आशंका पर ध्यान नहीं दिया। कुछ समय बाद बाइक सवार दोनों युवक जाने लगे तभी राजेश के बाइक की डिक्की से आवाज आई और देखा तो उसके होश उड़ गए। अज्ञात बाइक सवार दोनों युवक बाइक की डिक्की से नकद 49 हजार रुपए लेकर फरार हो गए थे।



# ‘राख’ में पुलिस वर्दी में रौब जमाएंगे अली फजल

**मुंबई।** अली फजल की फिल्म ‘मिर्जापुरः द मूवी’ का इंतजार लोग बेसब्री से कर रहे हैं। इससे पहले अभिनेता अपनी नई सीरीज ‘राख’ के जरिए दर्शकों को तोहफा देने आ रहे हैं, जिसमें सोनाली बेंद्रे भी हैं। इसका निर्देशन प्रोसित रॉय ने किया है, जिन्हें ‘पाताल लोक’ जैसी चर्चित सीरीज के लिए जाना जाता है। लेखन व सह-निर्देशन अनुषा नंदकुमार और संदीप साकेत ने मिलकर किया है। ‘राख’ के पोस्टर में अली पुलिस की वर्दी पहने जांच अधिकारी के किरदार में नजर आ रहे हैं। इसकी कहानी भी उनके किरदार के इर्द-गिर्द घूमती है जो 2 लापता किशोरों की तलाश में जुटा हुआ है। इस घटना ने पूरे शहर में दहशत फैला दी है।

## लाइफ Style

# कियारा

## ‘टॉक्सिक’ ने जिंदगी में किए ये खास बदलाव

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कियारा आडवाणी फिल्म ‘टॉक्सिक’ में नजर आएंगी। उनका कहना है कि इस फिल्म ने प्यार को देखने के उनके निजी नजरिए को ही बदल दिया है। इस फिल्म में कियारा ‘नादिया’ नाम का एक किरदार निभा रही हैं, जो आजाद खयालों वाली और किसी पर निर्भर न रहने वाली लड़की है।

कियारा ने बताया, ‘टॉक्सिक’ के साथ मुझे लगता है कि यह लड़का-लड़की के रिश्तों को देखने का हमारा तरीका ही बदल देता है। सच कहूं तो, जब गीतू मोहनदास ने मुझे इसकी कहानी सुनाई, तब मुझे यह समझने में थोड़ा वक्त लगा कि ठीक है, यह भी सामान्य है। भले ही यह शायद सीधा-सरल न हो, या हमारे पारंपरिक सोच से हटकर हो, लेकिन प्यार में भी एक खास तरह की आजादी होती है।’ यह कहानी रिश्तों को ऐसे दिखाती है, जो हमेशा सही या गलत के दायरे में नहीं आते, फिर भी उनमें एक तरह की मुक्ति का अहसास होता है। ‘टॉक्सिक’ की शूटिंग करना कियारा के लिए आसान नहीं था। उन्हें हर सीन को दो बार शूट करना पड़ा था, एक बार अंग्रेजी में और एक बार कन्नड़ में। कियारा को हर रात नए संवाद याद करने पड़ते थे, जिससे यह काम काफी चुनौतीपूर्ण हो जाता था। इस फिल्म में नयनतारा, हुमा कुरैशी, तारा सुतारिया और रुक्मिणी वासंथ जैसे सितारे भी हैं। हालांकि, फिल्म की रिलीज (जो पहले 4 जून को होने वाली थी) कई बार टल चुकी है, फिर भी कियारा को भरोसा है कि वह जल्द ही दर्शकों के साथ प्यार के इस अनोखे नजारे को साझा कर पाएंगी।



## हॉलीवुड मसाला




# टॉय स्टोरी-5 रिलीज होगी 19 जून को

**लॉस एंजिल्स।** ‘टॉय स्टोरी 5’ 19 जून, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है और उम्मीद है कि यह अब तक की सबसे भावुक फिल्म होगी। वुड्डी का किरदार निभाने वाले टॉम हेंक्स ने लंदन में फिल्म के लॉन्च के दौरान बताया कि एक ऐसा सीन है, जिसमें एक छोटी लड़की को बुरे मैसेज मिलने पर चोट पहुंचती है और यह सीन इस पूरी सीरीज के सबसे ज्यादा भावुक पलों में से एक है। फिल्म की कहानी करती है इस चीज की पड़ताल इस बार कहानी गहराई से पड़ताल करती है कि तकनीक बच्चों को कैसे प्रभावित करती है।



# ‘टैट्स फिंके डेजर्ट रेस’ पर ला रहे हैं तूफानी फिल्म...

**लॉस एंजिल्स।** क्रिस हेम्सवर्थ जल्द ही एक नई फिल्म में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म ऑस्ट्रेलिया की एक बेहद मशहूर और मुश्किल मोटरस्पोर्ट प्रतियोगिता टैट्स फिंके डेजर्ट रेस पर आधारित होगी। इस फिल्म को ‘वाइल्ड स्टेट प्रोडक्शंस’ बना रही है, जिसकी शुरुआत क्रिस ने अपने दोस्त बेन ग्रैसन के साथ मिलकर की थी। फिल्म ऑस्ट्रेलिया के नॉर्दर्न टेरिटरी में होने वाली इस दो दिवसीय ऑफ-रोड रेस के जबरदस्त रोमांच को दर्शकों तक पहुंचाएगी। फिंके डेजर्ट रेस बेहद खतरनाक और मुश्किल मानी जाती है। यह कमजोर दिल वालों के लिए बिल्कुल नहीं है। क्रिस का ऑफ-रोड रेसिंग से गहरा जुड़ाव रहा है और वह इस एड्रेनालिन से भरे अनुभव को दुनिया भर के दर्शकों के साथ बांटना चाहते हैं।



# पिता के संदेश ने छुड़वाई शराब की लत...

**मुंबई।** पूजा भट्ट ने हाल ही में बताया कि साल 2014 में उनकी शादी के एक मुश्किल दौर में शराब के साथ उनका संघर्ष शुरू हुआ था, लेकिन असली बदलाव दिसंबर, 2016 में आया। तब उनके पिता महेश भट्ट ने उन्हें एक बहुत ही सीधा और असरदार संदेश भेजते हुए लिखा था, ‘अगर तुम मुझसे प्यार करती हो, तो खुद से प्यार करना सीखो, क्योंकि मैं तुममें रहता हूं।’ इसी संदेश के बाद पूजा ने हमेशा के लिए शराब छोड़ दी और खुद से प्यार करने पर ध्यान देना शुरू किया। पूजा शराब छोड़ने की सालगिरह को खुद की देखभाल के रूप में हैं मनाती है। उस दिन से पूजा ने शराब पीना छोड़ दिया है और वह हर सालगिरह को आत्म-देखभाल के उत्सव के तौर पर मनाती हैं। वह बताती हैं कि दोस्तों का दबाव झेलना पड़ा, खासकर जन्मदिन और सालगिरह पर।



# देव पटेल ने पूरी की द पीजेंट की शूटिंग

**मुंबई।** देव पटेल ने अपनी हालिया फिल्म ‘द पीजेंट’ की शूटिंग पूरी कर ली है। इस प्रोजेक्ट में वे निर्देशन के साथ-साथ मुख्य भूमिका भी निभा रहे हैं। 14वीं सदी के बदले की यह कहानी ए24 प्रोडक्शन हाउस की पहली ऐसी फिल्म है, जिसकी शूटिंग भारत में हुई है। इसे महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान जैसे कई राज्यों में फिल्माया गया है। साल 2024 में आई उनकी फिल्म ‘मंकी मैन’ के बाद यह देव का दूसरा निर्देशन है। ‘द पीजेंट’ को देव और विल डन ने मिलकर लिखा है। यह कहानी एक ऐसे चरवाहे की है, जो अपने गांव को तबाह करने वाले भाड़े के सैनिकों से बदला लेना चाहता है। इसमें आपको ‘ब्रेवहार्ट’, ‘जॉन विक’ और ‘किंग आर्थर’ जैसी फिल्मों का मिला-जुला अंदाज दिखेगा।

## टीवी मसाला




# नागिन 7 में इंतकाम की रात ड्रैगन का खात्मा करेंगी 3 नागिन

**मुंबई।** नागिन फ्रेंचाइजी के फैंस की एक्साइटमेंट पीक पर है। सीजन 7 क्लाइमैक्स की ओर है। 7 जून को शो ऑफएयर होगा। इससे पहले टीवी क्वीन एकता कपूर ने शो को लेकर बज क्रिएट करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। फिनाले से पहले नागिन 7 में ढेरों ट्विस्ट एंड टर्न्स आ रहे हैं। धीरे-धीरे नागलोक के सभी राज खुल रहे हैं। नया प्रोमो सामने आया है जिसमें धमाकेदार फिनाले की झलक दिखी है।

***तीन नागिन एक साथ आएंगी इंतकाम लेने :*** अगले माह 6-7 जून को नागिन सीजन 7 का महाएपिसोड आएगा. नागिन अनंता और ड्रैगन राधिका के बीच छिड़े संग्राम ने पूरे नागलोक पर कहर बरपा रखा है। 6-7 जून कयामत की रात होगी। ड्रैगन से निपटने के लिए एक साथ तीन नागिन आएंगी और इंतकाम लेंगी। अनीता हसनंदानी, तेजस्वी प्रकाश और प्रियंका चाहर चौधरी मिलकर ड्रैगन पर आखिर वार करेंगी। ये प्रोमो देखकर फैंस एपिसोड देखने को बेताब हैं। अनीता और तेजस्वी की एंट्री के साथ फिनाले एफिसोड नोस्टाल्जिक फील देने वाला है।

***अनंता की लौट चुकी है याददाश्त :*** शो में अनंता की याद्दाश्त लौट चुकी है। उसे राधिका की सच्चाई पता चल गई है कि वो ड्रैगन है जो कि नागिनों का सबसे बड़ा दुश्मन है। अनंता को देश बचाना है, सूरी परिवार से अपनों की मौत का बदला लेना है, अनंत कुल को श्राप से मुक्त करना है और राधिका से नागमणि वापस लेनी है। आने वाले एपिसोड में अनंता के सामने खुलासा होगा कि राधिका उसकी सगी बहन है। ड्रैगन और नागिन की भिड़ंत होगी। गुप्त नाग मंदिर में रखा मिस्ट्री स्टैच्यू आखिर किसका है, इसका जवाब मिलेगा।

**शो पहले दिन से ही है सुर्खियों में :** शो पहले दिन से सुर्खियों में है। अनंता के रोल में प्रियंका चाहर चौधरी ने दमदार काम किया है। वो लोगों को इतनी फेवरेट बन चुकी हैं कि नेक्स्ट सीजन में भी जनता की उन्हें ही कास्ट करने की डिमांड है। नमिक पॉल संग उनकी केमिस्ट्री शानदार लगी है। वहीं कनिका मान ने राधिका (ड्रैगन) के रोल में प्रियंका को कड़ी टक्कर दी है।

### 7 जून को है एकता कपूर का जन्मदिन

शो का आखिरी टेलीकास्ट 7 जून को खास मकसद से रखा गया है. इस दिन एकता कपूर का जन्मदिन है। फिनाले से पहले नागिन 7 के एक्टर्स सोशल मीडिया पर बिहाइंड द सीन शेयर कर बज बना रहे हैं। सबकी नजरें क्लाइमैक्स पर टिकी हैं।

# रजनीकांत की ‘जेलर 2’ में शाहरुख की जगह ले सकते हैं ऋतिक रोशन

**मुंबई।** रजनीकांत की फिल्म ‘जेलर 2’ इस साल के आखिर में रिलीज होने के लिए तैयार है। पहले खबर थी कि इसमें शाहरुख खान का कैमियो होगा, लेकिन फिर जानकारी आई कि अपनी फिल्म ‘किंग’ की व्यस्तता के चलते उन्होंने ‘जेलर 2’ से किनारा कर लिया है। इस खबर ने बेशक फैंस का दिल तोड़ दिया, जो रजनीकांत और शाहरुख को एक साथ स्क्रीन पर देखना चाहते थे। अब खबर है कि शाहरुख की जगह एक दूसरा कलाकार ले सकता है।

### ऋतिक से किया गया है संपर्क

रिपोर्ट के मुताबिक, शाहरुख के फिल्म से पीछे हटने के बाद, निर्माताओं ने कैमियो के लिए ऋतिक रोशन से संपर्क किया है। अगर सबकुछ ठीक रहा तो यह दूसरा मौका होगा, जब ऋतिक को रजनीकांत के साथ फिल्म में देखा जाएगा। इससे पहले दोनों ने ‘भगवान दादा’ (1986) में साथ काम किया था। दिलचस्प बात यह है कि उस वक्त ऋतिक महज 12 साल के थे और उन्होंने रजनीकांत के बेटे, गोविंदा दादा का किरदार निभाया था।





### ‘जेलर 2’ में दिखाई देंगे ये सितारे

‘जेलर 2’ का पहला भाग साल 2023 में आया था, जो ब्लॉकबस्टर रहा। अब अभिनेता सीक्वल के साथ वापसी कर रहे हैं, जिसके निर्देशन की कमान एक बार फिर नेल्सन दिलीप कुमार ने संभाली है। फिल्मफेयर के मुताबिक, निर्माता 11 सितंबर को इसे रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। रजनीकांत के अलावा, ‘जेलर 2’ में विद्या बालन और मिथुन चक्रवर्ती भी नजर आएंगे। वहीं मोहनलाल और शिव राजकुमार को कैमियो करते हुए देखा जाएगा।

# मुख्यमंत्री विजय थलापति के बेटे जेसनकी पहली निर्देशित फिल्म ‘सिग्मा’ को मिली रिलीज तारीख

**मुंबई।** तमिलनाडु के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री थलापति विजय (सी जोसेफ विजय) के बेटे जेसन संजय चर्चा में हैं। उनकी पहली निर्देशित फिल्म ‘सिग्मा’ को रिलीज तारीख मिल गई है, जिसका आधिकारिक तौर पर ऐलान हो गया है। संदीप किशन अभिनीत इस फिल्म के जरिए जेसन निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं। तमिल सिनेमा के सबसे बड़े सितारों में से एक के बेटे होने के नाते, जेसन की फिल्म पर हर किसी की नजरें टिकी हैं।

### जुलाई में सिनेमाघरों में दस्तक देगी

निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर फिल्म की रिलीज तारीख का ऐलान करते हुए लिखा, ‘एक बड़ी जोखिम भरी डकैती शुरू होती है। ‘सिग्मा’ 31 जुलाई को सिनेमाघरों में धूम मचाने आ रही है। अंतिम खोज के लिए तैयार हो जाइए।’ इस ऐलान के बाद से प्रशंसकों का उत्साह चरम पर पहुंच गया है। सुबास्करन द्वारा लाइका प्रोडक्शंस बैनर के तहत निर्मित यह फिल्म फिलहाल पोस्ट-प्रोडक्शन चरण में है। निर्माता जल्द ही इसे सेंसर कमेटी के पास भेजेंगे।



### रोमांचक मिशन पर आधारित होगी फिल्म

‘सिग्मा’ को जेसन ने लिखा और निर्देशित किया है, जिसे एक्शन-एडवेंचर कॉमेडी के रूप में वर्णित किया जा रहा है। फिल्म में चोरी के तत्व भी शामिल हैं। खबरों के मुताबिक, कहानी एक ऐसे व्यक्ति के इर्द-गिर्द घूमती है जो समाज की अपेक्षाओं को धता बताते हुए छिपे हुए खजानों की खोज में निकल पड़ता है। फिल्म में संदीप के अलावा, फरिया अब्दुल्ला, राजू सुंदरम, अंबु थासन, मगालक्ष्मी सुदर्शनन, योग जापी और संपत राज जैसे सितारे नजर आएंगे।

## फिल्म 5 जून को सिनेमाघरों में हो रही रिलीज

# ‘है जवानी तो इश्क...’ से पहले वरुण धवन की देखने लायक फिल्में, बंपर हुई थी कमाई

***मुंबई।** डेविड धवन द्वारा निर्देशित यह एक रोमांटिक ड्रामा है, जिसमें मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े भी नजर आएंगी। इस फिल्म के जरिए वरुण अपने कॉमिक अंदाज में लौट रहे हैं। दर्शक भी फिल्म से काफी उम्मीदें लगाए बैठे हैं। खैर फिल्म आने में समय है, इसलिए वरुण की पिछली कमाऊ फिल्मों को ओटीटी पर देखने का बिल्कुल सही समय है।*

### ‘बॉर्डर 2’

1997 में आई सनी देओल की सुपरहिट फिल्म ‘बॉर्डर’ का सीक्वल जनवरी, 2026 में रिलीज हुआ था। इसमें सनी के अलावा, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी और वरुण भी मुख्य किरदार में हैं। वरुण ने परमवीर चक्र से सम्मानित युद्ध नायक ‘मेजर होशियार सिंह दहिया’ का किरदार निभाया है। रिलीज से पहले अभिनेता को उनके अभिनय के लिए काफी ट्रोल किया गया था, लेकिन बाद में उन्होंने जनता का दिल जीत लिया। इसने दुनियाभर में करीब 482 करोड़ रुपये कमाए थे।

### ‘जुड़वां 2’ और ‘कुली नंबर 1’

2017 में आई फिल्म ‘जुड़वां 2’ में वरुण को जैकलीन फर्नांडिस और तापसी पन्नू के साथ इश्क लड़ाते हुए देखा गया था। यह अभिनेता के करियर की सबसे सफल फिल्मों में से एक है, जिसमें रोमांस के साथ कॉमेडी भी बेशुमार है। फिल्म ने करीब 227.59 करोड़ रुपये कमाए थे। वहीं ‘कुली नंबर 1’ में वरुण के साथ सारा अली खान नजर आई हैं। इसमें भी अभिनेता का कूल और कॉमिक अंदाज दिखा है। इसने 182 करोड़ रुपये कमाए थे।



### ‘बद्रीनाथ की दुल्हनिया’ और ‘एबीसीडी 2’

आलिया भट्ट के साथ आई फिल्म ‘बद्रीनाथ की दुल्हनिया’ ने बॉक्स ऑफिस पर करीब 200.45 करोड़ रुपये का शानदार कारोबार किया था। इसमें वरुण और आलिया की केमिस्ट्री लोगों को खूब पसंद आई थी। इसके गाने भी काफी लोकप्रिय हैं। दूसरी ओर, रेमो डिसूजा की फिल्म ‘एबीसीडी 2’ में वरुण ने अपने अभिनय और डांस कौशल से हर किसी को हैरान कर दिया था। उनके साथ श्रद्धा कपूर मुख्य किरदार में हैं। इसने करीब 161.49 करोड़ रुपये का कारोबार किया।

# पांच साल बाद लौटी स्पाइडर-मैन की दुनिया

**मुंबई।** टॉम हॉलैंड, ‘स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे’ में पीटर पार्कर के रूप में वापसी कर रहे हैं, जो लगभग 5 साल बाद बड़े पर्दे पर आ रही है। टॉम ने बताया कि उन्होंने फिल्म की कहानी गढ़ने में मदद की थी और इसके लिए ‘स्पाइडर-प्यूबर्टी’ का विचार रखा था। इस विचार में पीटर के जीवन में आने वाले बदलावों और अपनी भावनाओं पर नियंत्रण खोने की मुश्किलों को दिखाया जाना था। हालांकि, यह टैगलाइन फिल्म में इस्तेमाल नहीं हुई, लेकिन इसका विषय फिल्म का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया। यह फिल्म 31 जुलाई 2026 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में एक साथ 6 भाषाओं में रिलीज होगी, जिनमें अंग्रेजी और हिंदी भी शामिल हैं।



### निदेर्शन किया डेस्टिन क्रेडन ने

टॉम का कहना है कि वह देखना चाहेंगे कि भविष्य में माइल्स मोरालेस या स्पाइडर-ग्वेन स्पाइडर-मैन की कमान संभालें, ठीक वैसे ही जैसे आयरन मैन ने नए नायकों का मार्गदर्शन किया था। इस फिल्म का निर्देशन डेस्टिन डैनियल क्रेडन ने किया है और इसमें जेंडया, जैकब बटालॉन, सैडी सिंक, जॉन बर्थल और मार्क रफालो जैसे कलाकार भी हैं।

## खबर संक्षेप

### आबकारी विभाग ने की 20 लीटर शराब जब्त

कटेली। शुक्रवार को आबकारी वृत्त सारंगढ़ द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण एवं विक्रय के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई। आरोपी रोहित कुमार सारथी पिता भोगीलाल निवासी ग्राम छातादेई चौकी कनकबीरा, के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) एवं 59 (क) के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर जेल दाखिल कराया गया है। तलाशी के दौरान आरोपी के मकान से 15 लीटर क्षमता वाली पीले रंग के प्लास्टिक डिब्बा में में भरा 15 लीटर तरल द्रव एवं 05 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जेरीकेन में भरा लीटर 05 तरल द्रव कुल मिलाकर 20 लीटर तरल द्रव बरामद की गई। मौके पर परीक्षण करने पर तरल द्रव्य महुआ शराब का होना पाया गया, जिसे विधिवत सीलबंद कर आबकारी विभाग द्वारा जप्त किया गया।

### देवरी मोड़ से तनौद भुईगांव पहुंच मार्ग की हालत जर्जर

तनौद । देवरी मोड़ से तनौद भुईगांव 13 किलोमीटर सड़क जर्जर हो चुका है। मार्ग में जगह-जगह बड़े बड़े गड्ढें बन गए है। इससे 20 मीनट की दूरी तय करने में घंटों लग रहे है। ऐसा नहीं है कि इस मार्ग का मरम्मत नहीं हुआ है। डामर उखड़ने से सड़क में गड्ढे हो गए हैं। इससे आवाजाही में दिक्कत हो रही है। देवरी मोड़ से तनौद भुईगांव की ओर जाने वाली सड़क बदहाल हो चुकी है। राहगीर कीचड़ और गर्मी के दिनों धुल से परेशान होते हैं। देवरी मोड़ से तनौद भुईगांव 13 किलोमीटर सड़क में बड़े बड़े गड्ढें होने से घंटों समय लगता है। 13 किलोमीटर दूरी सड़क चलने के लायक नहीं बचा है। सड़क पर बने बड़े बड़े गड्ढों से राहगीर परेशान है। विभाग द्वारा मरम्मत के नाम पर हर वर्ष लाखों रुपए खर्च कर सड़क का डामरीकरण किया जाता है। डामरीकरण किया गया था जो लेकिनअब डामर उखड़ने से सड़क में बड़े बड़े गड्ढों में तब्दील हो गया है। तनौद नवागांव मोड़ से तीन किलोमीटर सड़क पर गड्ढे हो गए हैं। इससे आवाजाही में दिक्कत हो रही है। जिससे आयें दिन होते रहते हैं ग्रामिणो की माने तो दुर्घटना का मुख्य कारण सड़क पर पानी बह रहा है। नल जल योजना तहत बनें पाईप लाईन व लिंकेज टेप नल का पानी जहां जहां फट रहा गुणवत्ताहीन पाइप फट रहा है। जिससे मुख्य मार्ग सड़क खस्ताहाल है।

### वनांचल ग्राम चचरेल में लगा शिविर

सारंगढ़। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप बिलाईगढ़ जनपद क्षेत्र के वनांचल ग्राम पंचायत चचरेल में सुशासन तिहार शिविर का भव्य आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर आमजनों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और मौके पर ही अनेक आवेदनों का निराकरण कर हितग्राहियों को लाभान्वित किया। शिविर में कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने हितग्राहियों से चर्चा कर योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी भी ली।

नगर पंचायत शिवनंदनपुर में चुनाव प्रचार का आखिरी दिन

# विकास के संकल्प के साथ डिप्टी सीएम साव बोले -कायाकल्प करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर/विश्रामपुर

नगर पंचायत शिवनंदनपुर में उपचुनाव के तहत प्रचार अभियान के आखिरी दिन भाजपा व कांग्रेस ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी। आम आदमी पार्टी के प्रचारक भी कुछ इलाकों में दिखाई दिए। जिले की नगर पंचायत शिवनंदनपुर में पहली बार हो रहे आम चुनाव को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है तो दूसरी ओर राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता मैदान में पसीना बहाते दिखाई दे रहे हैं।

भाजपा प्रत्याशी रितेश जायसवाल के पक्ष में उप मुख्यमंत्री अरूण साव, प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल, पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल व स्थानीय विधायक व महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े सहित विधायक भूलन सिंह मरावी , सांसद सरगुजा चिंतामणि महाराज ने जमकर प्रचार किया ,तो चुनाव प्रभारी पूर्व विधायक रजनीश सिंह की कुशल रणनीति में भाजपा कार्यकर्ता चुनाव में डटे हुए हैं । नगर पंचायत शिवनंदनपुर के चुनाव में स्थानीय मुद्दे के अलावा राष्ट्रीय मुद्दे भी मतदाताओं के बीच चर्चा में हैं। आम मतदाता सड़क पानी जैसे बुनियादी सुविधाओं के अलावा आंतरिक सुरक्षा, एसआइआर जैसे मुद्दे पर भी बात कर रहे हैं। बेहतर चुनाव प्रबंधन व कुशल रणनीति से भाजपा इस चुनाव में मजबूत दिखाई दे रही है। भाजपा प्रत्याशी की सहज छवि भी इसका प्रमुख कारण है ।



**शिवनंदनपुर का कायाकल्प करेंगे, मास्टर प्लान तैयार**

उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने अपनी सभा जिस तरह विरोधियों पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी दल कांग्रेस लूट के इरादे से नगर पंचायत पर कब्जा करना चाह रहे हैं जबकि भाजपा शिवनंदनपुर के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत के गठन के एक वर्ष में करोड़ों के विकास कार्य स्वीकृत हुए हैं नगर विकास के लिए मास्टर प्लान तैयार कर शिवनंदनपुर का कायाकल्प किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस चुनावी मैदान में कही एकजुट दिखाई नहीं दे रही है तो कांग्रेसी नेताओं के हालिया बयान भी सिर दर्द बने हुए हैं नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत के जगदगुरु रामभद्राचार्य पर की गई टिप्पणी व कांग्रेस प्रत्याशी के एसआइआर में कटे बाहरी घुसपैठियों के नाम फिर से जुड़वाने की बात शहरी मतदाताओं में चर्चा के केंद्र में है।

### कांग्रेस किसके लिए आंदोलन कर रही जनता जानती है

शिवनंदनपुर चुनावी सभा में उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने गत दिनों एक मामले में थाना घेराव में कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, टीएस सिंह देव व पीसीसी चीफ दीपक बैज के एक साथ मौजूदगी पर तंज कसते हुए कहा कि आलाकमान के नजरों सभी अपनी राजनीतिक वजूद साबित करने के लिए पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में प्रदेश से गुंडाराज खत्म हो चुका है।और शिवनंदनपुर की जनता जानती है कि जिसके लिए कांग्रेस आंदोलन कर रही है वो किस तरह की छवि का व्यक्ति है।

# जेडी हेल्थ देर रात पहुंचे सीएचसी बतौली और पीएचसी लुंड्रा

**अम्बिकापुर।** संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल कुमार शुक्ला ने बीती रात जिले के बतौली और लुंड्रा के अस्पतालों के निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों के अनुपस्थित रहने को लेकर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल के वार्ड में साफ सफाई की कमी को लेकर नाराजगी व्यक्त की।

बताया जा रहा है कि संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल कुमार शुक्ला 29 मई की रात 10 बजे जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लुंड्रा पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के वार्डों का निरीक्षण किया और वार्डों में गंदगी पाए जाने पर नाराजगी जाहिर की। वहीं सुरक्षा गार्ड की कमी को लेकर उन्होंने सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था जीवन दीप से रखने हेतु निर्देशित किया। आयुष्मान कार्ड के संबंध में चर्चा किया गया। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के काउंसलिंग हेतु निर्देशित किया गया। जेडी ने उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया, इस दौरान अनुपस्थित फार्मासिस्ट आयुष जन्मती सिदार 1 दिवस, वार्ड बॉय अरुण कुमार को दो दिन गायब रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।



उन्होंने नोटिस का जवाब सन्तोषनजक नहीं होने पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके पहले जेडी डॉ. शुक्ला रात 9.5 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बतौली पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में महिला और पुरुष मरीजों को निर्धारित वार्ड में ही भर्ती करने का निर्देश दिया।उन्होंने शासन के योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक प्रदर्शित करने, सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों में शत प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करने हेतु सभी मैदानी कर्मचारियों अधिकारियों की बैठक लेने हेतु निर्देशित किया गया। सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था जीवन दीप से रखने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने अस्पताल में मरीजों को मिलने वाले भोजन की जानकारी लेने के साथ ही रसोई घर के जर्जर भवन की मरम्मत हेतु उच्च कार्यालय को पत्र प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि आईसीयू रूम में साफ सफाई राखी जाए। अस्पताल में एम्बुलेंस और उनके चालकों के नाम नोटिस बोर्ड में चस्पा किए जाए।

# स्वच्छता से समृद्धि की राह-अब घर-घर होगा कचरे का पृथक्करण

## ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम पर जिला स्तरीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

स्वच्छता केवल सफाई तक सीमित नहीं, बल्कि स्वस्थ समाज, सुरक्षित पर्यावरण और बेहतर भविष्य की आधारशिला है। इसी सोच को धरातल पर उतारने के लिए जिले में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े की मौजूदगी में आयोजित इस कार्यशाला में अधिकारियों-कर्मचारियों और पंचायत प्रतिनिधियों को कचरा प्रबंधन के नए नियमों और जिम्मेदारियों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के जिला सलाहकार राजेश जैन ने नियम 2026 के प्रमुख प्रावधानों, कार्ययोजना और क्रियान्वयन प्रक्रिया पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने बताया कि अब स्त्रोत स्तर पर ही गीला, सूखा, सैनिटरी और जोखिमपूर्ण कचरे का पृथक्करण अनिवार्य होगा तथा कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन पर विशेष जोर दिया जाएगा। कलेक्टर संतन देवी जांगड़े ने कहा कि स्वच्छता केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि पर्यटन स्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर फेंकी गई प्लास्टिक एवं कांच की बोतलें पर्यावरण के साथ-साथ पशुओं के लिए भी गंभीर खतरा बनती हैं। उन्होंने कहा कि लोग कचरा जहां-तहां फेंक देते हैं और बाद में उसी गंदगी के लिए प्रशासन को दोषी ठहराते हैं। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने कर्तव्यों को समझे और स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाए, तो जिले की तस्वीर बदल सकती है।

# सात दिवसीय निःशुल्क योग स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ स्वास्थ्य जागरूकता को मिलेगा बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

शहर के राजस्थान भवन में रविवार को सात दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्घाटन करते हुए अतिथियों ने स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, उपचार संबंधी व्यवस्थाओं तथा नागरिकों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने शिविर के उद्देश्य और इसके सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे आमजन के लिए अत्यंत लाभकारी पहल बताया।

शिविर के दौरान नागरिकों को निःशुल्क परामर्श, स्वास्थ्य परीक्षण तथा विभिन्न शारीरिक समस्याओं के उपचार संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएगी। विशेषज्ञ





फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा जोड़ों के दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द, मांसपेशियों की कमजोरी, चोट के बाद पुर्नवास तथा अन्य शारीरिक समस्याओं के संबंध में मार्गदर्शन और उपचार प्रदान किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार शिविर का उद्देश्य लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ उन्हें स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना भी है। उद्घाटन के पश्चात स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले ने शिविर में स्थापित परामर्श कक्ष, उपचार केन्द्र तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने उपस्थित स्वास्थ्यकर्मियों और आयोजन समिति के सदस्यों से चर्चा कर नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने के निर्देश दिए। अतिथियों ने कहा कि वर्तमान समय में बदलती जीवनशैली के कारण लोगों में शारीरिक समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में फिजियोथेरेपी जैसी चिकित्सा पद्धति लोगों को बिना दवा के राहत प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के अनेक लोग समय पर उपचार और सही सलाह के अभाव में लंबे समय तक शारीरिक परेशानियों से जूझते रहते हैं। इस प्रकार के निःशुल्क शिविर उन्हें विशेषज्ञों से परामर्श प्राप्त करने का अवसर प्रदान करते हैं। साथ ही लोगों को नियमित व्यायाम, योग एवं संतुलित दिनचर्या अपनाने के लिए भी प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंती सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव, नगर पालिका उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, प्रवीण निशि, श्याम सुंदर पोद्दार अशोक केशरवानी, रोहित वर्मा, महेन्द्र प्रताप सिंह, अंकुर जैन, नीरज अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# रजिस्ट्री कार्य की सुविधा के नाम पर ग्रामीण हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज : पुसौर

तहसील मुख्यालय पुसौर में रजिस्ट्री कार्यालय की स्थापना पुसौर क्षेत्र वासियों को जहां राहत पहुंचा रहा है। वहीं रजिस्ट्री कार्य को संपादित करने वाले लोगों की बल्ले बल्ले हो गया। यहां जमीन में जो लोग लाखों करोडो रुपए मुनाफा कमा रहे हैं उनके लिए तो कुछ नहीं है लेकिन जो व्यवस्था और जरूरत के नाम से जमीन खरीदी बिक्री कर रहे हैं उन्हें उनकी मुंहमांगी रकम काफी भारी पड रहा है।

ज्ञात हो कि जनपद कार्यालय पुसौर के पीछे स्थापित रजिस्ट्री कार्यालय पहले तो बिल्कुल पारदर्शी रहा लेकिन अब इसमें रेट तय होने लगे हैं जो शासकीय दर से कई गुना अधिक बताया जा रहा है। भूस्वामियों को छोटे छोटे दस्तावेज बनाने के लिये रूपये को साधन बनाना पड़ रहा है इसमें पुसौर अछुता नहीं है। भूस्वामी को इन सब से गुजरने के





बाद जमीन संबंधी लेन देन करने रजिस्ट्री आफिस पहुंचता है तो यहां भी ये हाल है कि रजिस्ट्री राशि उन्हें तिगुना वहन करना पड़ रहा है। कुछ दिन पहले खरसिया विधानधान सभा क्षेत्र के कुछ गरीब परिवार के लोग आए थे जो पारिवारिक व्यवस्थानुसार अपने पुस्तैनी जमीन को दान रजिस्ट्री जरिये नामांतरण कराना चाहते थे। जिन्हें रजिस्ट्री कार्यालय से जुडे लोगों द्वारा 100 रुपए का स्टाम्प और 15 हजार बताया गया। एक गरीब परिवार के लिए यह राशि काफी अधिक था जिसके कारण वे वापस चले गये।

### मेधावी छात्र- छात्राओं का किया गया सम्मान

सरिया। शिक्षा के स्तर और छात्रों के मनोबल को बढ़ाने के लिए शनिवार को सरिया में मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान किया गया। इस मौके पर समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षा से ही जीवन में उन्नति का मार्ग प्रशस्त होता है। कोलता समाज कर्मचारी प्रकोष्ठ सरिया के द्वारा शनिवार को नगर के रामचंडी मंदिर परिसर पर समाज के मेधावी छात्रों तथा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले प्रतिभावान छात्र छात्राओं व गणमान्य नागरिकों को सम्मानित किया गया। जिसमें 50 से ज्यादा मेधावी छात्र छात्राओं को प्रतीक चिन्ह एमेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि यूपीएससी आई ए एस चयनित प्रतिभाशाली मेधावी अजय गुप्ता थे ।उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने से उनका आत्मविश्वास और मनोबल बढ़ता है और वे उच्च शिक्षा में और बेहतर करने के लिए प्रेरित होते हैं। इस कार्यक्रम से छात्रों को सही करियर चुनने और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के टिप्स प्राप्त होते हैं। तथा समाज के अन्य बच्चों को भी शिक्षा के प्रति रूचि और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत होती है।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक

सीतापुर। विधायक -नायब तहसीलदार विवाद के तीन दिन बाद भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने स्थानीय विश्राम गृह में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की बैठक ली।

बैठक में उन्होंने कहा कि विगत दिनों ग्राम राजापुर में विधायक रामकुमार टोप्पो एवं नायब तहसीलदार के बीच जो विवाद की स्थिति निर्मित हुई थी वह मामला पूरी तरह कानून के पाले में है इसलिए आप सभी कार्यकर्ताओ को जोश से नही होश से काम लेना है ताकि आगे कोई विषम परिस्थिति उत्पन्न न हो सके। जिलाध्यक्ष ने कहा कि विधायक की गिरफ्तारी को लेकर समर्थकों द्वारा विरोध प्रदर्शन या नारेबाजी आम बात है। उन्होंने कहा कि यह मामला सरकार के मुखिया समेत संगठन के मुखिया



तक पहुंच गया है। अब आगे उनके द्वारा जो भी दिशानिर्देश जारी होगा उसके अनुरूप ही अब आगे की रूपरेखा तय की जायेगी। इस दौरान विधायक रामकुमार टोप्पो ने कहा कि जिस उत्साह और जोश के साथ मेरे विधानसभा क्षेत्र के साथियों एवं समर्थकों ने मेरा साथ दिया है उसे मैं कभी नही भूलूंगा। इसलिए मैंने निर्णय लिया था कि मेरी वजह से अधिकारी कर्मचारी हड़ताल पर बैठे और लोगों का काम रुके इससे पहले मैं अपनी गिरफ्तारी दे दूंगा लेकिन कार्यकर्ता एवं समर्थक नही माने और साथ मे जेल जाने की जिद करते हुए सड़क पर लेटकर रास्ता अवरुद्ध कर दिया। मजबूरन मुझे कार्यकर्ताओं की जिद की वजह से वापस आना पड़ा। मैं नही चाहता कि मेरी वजह से जनता को किसी तरह की परेशानी हो या उनका कोई काम रुके।

इस दौरान महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, जिपं अध्यक्ष निरूपा सिंह, ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, भाजपा जिला महामंत्री अरुणा सिंह, विनोद हर्ष, जन्मजेय मिश्रा, नीलेश सिंह, मनोज कंसारी, विधायक प्रतिनिधि श्रवण दास, मंडल अध्यक्ष त्रिलोचन सदावर्ती, पार्षद नीरू मिस्त्री, स्नेहलता गुप्ता, सुनील गुप्ता, नेमलाल गुप्ता, संध्या जायसवाल, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष किशन उपाध्याय, महामंत्री संकेत गुप्ता, संजय गुप्ता, राजकुमार गुप्ता समेत अन्य मौजूद थे। काफी संख्या में विधानसभा क्षेत्र से भाजपा भाजयुमो के पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### मौसम ने बदली...

कल नौतपा का अंतिम दिन- इस वर्ष नौतपा के दौरान मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिला। पांचवें दिन से शुरू हुई बारिश और तेज हवाओं ने सूरज की तपिश को काफी हद तक कम कर दिया। मौसम विभाग के अनुसार 2 जून को नौतपा का अंतिम दिन रहेगा। इस बार नौतपा के दौरान लगातार पूरे समय तेज गर्मी का असर देखने को नहीं मिला। आंधी के चलते बिजली आपूर्ति प्रभावित- रविवार शाम तेज अंधड़ के दौरान शहर के कई इलाकों में कुछ समय के लिए बिजली आपूर्ति बाधित रही। हालांकि बाद में विद्युत व्यवस्था बहाल कर दी गई। भीषण गर्मी के बीच आए दिन हो रही बिजली कटौती से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### मनेन्द्रगढ़ कप-2026...

स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नपा उपाध्यक्ष धमेन्द्र पटवा, पूर्व नपा अध्यक्ष राजकुमार केशरवानी, लखनलाल श्रीवास्तव, दिनेश्वर मिश्रा, विकास श्रीवास्तव, अमित पोद्दार, निखिल जायसवाल, गौरव राघव, अनिल प्रजापति, अजय जायसवाल, जमील शाह, गिरधर जायसवाल, श्रीमती नीलू जायसवाल, संजय सिंह सेंगर, दुर्ग विजय सिंह, अधिवक्ता अजय पांडेय, सूरजभान सिंह, हफीज मेनन, शिव यादव, अतुल सोनी, स्वाति मिश्रा, बबीता सिंह, रोहित वर्मा, राम मनोहर शाह,बबलू जायसवाल, अशोक खटीक, मनोज नेताम, शुभांशु पोद्दार आदि मंचासीन रहे।

### सत्ता पक्ष के...

सड़क नवीनीकरण तक कार्य सीमित रखना गौरव पथ की मूल अवधारणा के अनुरूप नहीं है। उन्होंने मांग की कि इस महत्वपूर्ण मार्ग में सड़क चौड़ीकरण, दोनों ओर पाथवे निर्माण, नाली व्यवस्था, आधुनिक स्ट्रीट लाइट, सौंदर्यीकरण तथा यातायात सुरक्षा से जुड़े कार्यों को भी शामिल किया जाना चाहिए, ताकि नागरिकों, व्यापारियों और पैदल यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। पार्षद ने कहा कि क्षेत्र की बढ़ती आबादी और यातायात दबाव को देखते हुए केवल डामरीकरण भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा नहीं करेगा। यदि अभी सड़क चौड़ीकरण और पाथवे निर्माण नहीं किया गया तो भविष्य में पुनः खुदाई और अतिरिक्त व्यय की स्थिति निर्मित हो सकती है। उन्होंने शासन एवं संबंधित विभाग से गौरव पथ परियोजना में संशोधन कर आवश्यक सुविधाओं को शामिल करने की मांग की है, ताकि यह मार्ग वास्तव में शहर के गौरव के अनुरूप विकसित हो सके।

# दिन में छाया अंधेरा, तेज हवा के साथ हुई मूसलाधार वर्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

पूरे दिन धूप निकलने के बाद शनिवार को शाम आसमान पर घने काले बादलों की सक्रियता बढ़ते ही अंधेरा छा गया तथा तेज हवा एवं गरज-चमक के साथ झमाझम बारिश हुई। मौसम कार्यालय द्वारा एक घंटे में 36.6 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है। मौसम विज्ञानी आगामी तीन-चार दिनों तक मौसम के यथावत रहने एवं कहीं-कहीं तेज रफ्तार आंधी एवं गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं ओले गिरने एवं मध्यम वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। शनिवार को सुबह रोज की तरह धूप निकली तथा सुबह 8:30 बजे आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ने के साथ ही गरज-चमक होने लगी। मौसम विज्ञानी पूरे सरगुजा संभाग में तेज हवा के साथ व्यापक वर्षा होने की बात कह रहे हैं।

- सामान्य से 4 डिग्री नीचे पहुंचा तापमान वातावरण में घुली ठंडक

## चरमराई शहर की विद्युत व्यवस्था



लम्बे अर्से बाद गर्मी के मौसम में शहर की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। हालत यह है कि हवा चलते ही शहर की विद्युत आपूर्ति ठप हो जा रही है। दिन में रोज प्रायः 3-4 बार बिजली गुल हो रही है। रात में भी बिजली कटौती में कमी नहीं आ रही है। शहर के कुछ वार्डों में पूरी रात बिजली बंद हो जा रही है जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा शहरवासियों का आक्रोश लगातार बढ़ रहा है। खास बात है कि विभाग के अधिकारी न तो फोन रिसीव कर रहे हैं न ही उपभोक्ताओं को संतोषजनक जवाब दे रहे है।

## जिला औषधि विक्रेता संघ चुनाव

तेजी से गिरा तापमान

मौसम में आए बदलाव के कारण शनिवार को इस बार पहली बार ऐसी स्थिति निर्मित हुई दिन का तापमान न्यूनतम तापमान के नीचे पहुंच गया। मौसम कार्यालय द्वारा हर दिन सुबह 7:30 बजे का तापमान रिकॉर्ड किया जाता है जो उस दिन का न्यूनतम तापमान होता है।

**हरिभूमि**

**पाठकों के लिए माह मई 2026 का बिल निम्नानुसार है**

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 15 दिन | 4.00 | 60.00 |
| 16 दिन | 5.00 | 80.00 |
| 31 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह मई 2026 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 जून 2026 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त